भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-4197**

उत्तर दिनांक 26/03/2025 को दिया गया

**देश की ऊर्जा आवश्यकताएँ**

4197. श्री राजमोहन उन्नीथन

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परमाणु ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो क्या देश में नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान कितने नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को मंजूरी दी गई है; और

(घ) स्थापित किए जा चुके स्वीकृत परमाणु ऊर्जा संयंत्र अथवा जिनमें स्थापना का कार्य शुरू हो चुका है, उनकी संख्या कितनी है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) हां।

(ख) हां।

(ग) वर्ष 2017-18 में, 9000 मेगावाट क्षमता वाले बारह रिएक्टरों को प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी प्रदान की गई।

(घ) वर्तमान में, 6600 मेगावाट क्षमता वाले आठ रिएक्टर (भाविनि द्वारा निर्मित पीएफबीआर सहित) निर्माण/कमीशनन के विभिन्न चरणों में हैं और 7000 मेगावाट क्षमता वाले दस रिएक्टर पूर्व-परियोजना गतिविधियों के अधीन हैं।

*****